प्रेस नोट **26/02/2025**

02 वांछित तथा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 26.02.2025 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा जरिये मुखबिर की सूचना पर रेलवे कॉलोनी के पास से मु0अ0सं0 02/25 धारा 137(2),87,61(2),351(2),352,142 बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण सुनील रोहित उर्फ कार्तिक कुमार पुत्र रामफल, उर्मिला देवी पत्नी रामफल निवासीगण खिरखाड थाना रानीपुर जनपद मऊ तथा थाना दोहरीघाट पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त मन्नु चौहान पुत्र घमडी चौहान निवासी तारमपुर थाना दोहरीघाट जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

02 शातिर टप्पेबाज गिरफ्तार, कब्जे से मंगलसूत्र व कान का टप्स बरामद–

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 26.02.2025 को थाना घोसी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर मझवारा मोड़ के पास से अभियुक्तगण सुनील पुत्र लड्डूर, करन पुत्र मोहन निवासीगण सुल्तानपुर थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ के कब्जे से एक अदद मंगलसूत्र व 02 अदद कान का टप्स बरामद किया गया । जो मु0अ0सं0 100/25 धारा 304(2) बीएनएस से संबंधित पाये गये अभियुक्तो के गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।